आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**24** मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में आश्वस्त किया–पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नही। सुचारू रूप से जारी है पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में गेहूं खरीद सहित पैंतीस प्रस्तावों को दी गई मंजूरी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा– गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गयी है एक सौ साठ रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि।
- विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ग्रेटर नोएडा में करेंगे **सौ दिन टीबी मुक्त भारत अभियान** की शुरूआत।
- रामनवमी के अवसर पर सत्ताइस मार्च को अयोध्या में श्री रामलला का होगा सूर्य तिलक। दोपहर बारह बजे से चार मिनट तक दिखेगा अद्भुत दृश्य।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है। श्री मोदी ने लोकसभा में कल पश्चिम एशिया संघर्ष पर बयान में कहा कि पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

***भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रैटेजिक पैट्रोलियम रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक के रिजर्व की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है। बीते 11 वर्षों में हमारी रिफायनिंग कैपेसिटी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार अलग–अलग देशों के सप्लायर के साथ भी लगातार संपर्क में है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष की शुरुआत से अब तक तीन लाख 75 हजार से अधिक भारतीय सुरक्षित स्वेदश लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता कर रही है।

***यहां भारत में और अन्य प्रभावित देशों में टवेंटी फोर बाई सेवन कंट्रोल रूम और आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की गई है। इनके माध्यम से सभी प्रभावितों को त्वरित जानकारी दी जा रही है। संकट की स्थिति में देश–विदेश में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था की है ताकि वैश्विक संकटों का बोझ किसानों पर न पड़े।

श्री मोदी ने कहा कि देश की सभी एजेंसियों, चाहे वह तटीय सुरक्षा हो, सीमा सुरक्षा हो, साइबर सुरक्षा हो या रणनीतिक प्रतिष्ठान हों सभी को सतर्क रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है।

***जहां तक डिप्लोमेसी की बात है, भारत की भूमिका स्पष्ट है। शुरुआत से ही हमने इस संघर्ष को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। भारत में नागरिकों, एनर्जी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों का विरोध किया है। कमर्शियल जहाजों पर हमला और होमुर्ज ट्रेड जैसे अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग में रूकावट अस्वीकार्य हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में गेहूं खरीद समेत पैंतीस अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पत्रकारों को बताया कि इस वर्ष गेंहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में केंद्र सरकार द्वारा एक सौ साठ रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की गई है। मंत्रिपरिषद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।

***इस साल गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल भारत सरकार ने निर्धारित किया है। गत वर्ष की तुलना में 160 इसकी प्रति क्विंटल वृद्धि की गई है। 30 मार्च 26 से 15 जून 2026 तक इसकी खरीदारी की जाएगी। राज्य के भीतर कुल आठ क्रय एजेंसियों के द्वारा खरीद की होगी। 6500 क्रय केंद्र सभी पचहत्तर जनपद के भीतर मिलकर के चलेंगे।***

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय के नगर पालिकाओं को स्मार्ट बनाने के लिए बजट में उल्लिखित नवयुग पालिका योजना के प्रस्ताव को भी मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल गई है।

***जो जिला मुख्यालय के स्तर की जो हमारी नगर पालिकाएं हैं उनमें भी उसी तर्ज पर उनको भी स्मार्ट बनाने का हम लोगों ने नाम दिया है नवयुग पालिका योजना। नए जमाने की आधुनिक नगर पालिका बने, आधुनिक हमारे डायरेक्ट हेडक्वाटर दिखें। इस दृष्टि से एक हम लोगों ने योजना प्रस्तावित किया था, जिसको माननीय मुख्यमंत्री जी ने बजट में मंजूर किया था। यह पांच साल की योजना है। पचहत्तर में से सत्रह हमारे नगर निगम हैं। उनको छोड़ करके अट्ठावन जो हमारे जिला मुख्यालय हैं, उन पर यह योजना लागू पड़ेगी।***

नगर विकास मंत्री ने बताया कि गोरखपुर शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए चिलुआताल में 20 मेगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगाने के लिए मंत्रीपरिषद ने स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही बैठक में री–यूज ट्रीटेड वॉटर पॉलिसी को भी मंजूरी दी गई, इसके तहत घरों और उद्योगों में उपयोग किये गये पानी का शोधन कर उसे दोबारा प्रयोग किया जा सकेगा। बैठक में राज्य में औद्योगिक और नॉलेज क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिये दो योजनायें निजी बिजनेस पार्क योजना–दो हजार पच्चीस और सार्वजनिक निजी भागीदारी डिजाइन बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट ट्रांसफर योजना–दो हजार छब्बीस को भी स्वीकृति मिली है।

**********

भारतीय रेलवे ने दिल्ली हावड़ा गलियारे के एक सौ नब्बे किलोमीटर लंबे प्रयागराज–कानपुर खंड पर कवच स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली सफलतापूर्वक शुरू कर दी है। यह शुरूआत रेलवे की इस खंड पर एक सै साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से रेलगाड़ियां चलाने, रेल सुरक्षा बढ़ाने और परिचालन दक्षता में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**********

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ग्रेटर नोएडा में सौ दिन– **टीबी मुक्त भारत अभियान** और टीबी मुक्त शहरी वार्ड पहल का शुभारंभ करेंगे। विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि क्षय रोग आज भी एक गंभीर जन स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है और विश्व में लाखों लोग इससे प्रभावित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान ने शीघ्र निदान का विस्तार करने, निशुल्क उपचार सुनिश्चित करने, पोषण संबंधी सहायता को मजबूत करने और रोगी की देखभाल में सुधार करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा कर कार्यों को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में अग्रणी बनाने के लिए निर्माण से लेकर संचालन तक पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जाए।

***मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेट्रो परियोजनाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये आय के नए स्रोत विकसित किए जाएं। स्टेशनों पर रिटेल, फूड कोर्ट, मल्टीलेवल पार्किंग, विज्ञापन एवं डिजिटल ब्रांडिंग को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट और परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग से मेट्रो परियोजनाओं को दीर्घकाल में आत्मनिर्भर बनाया जाए। श्री योगी ने कहा कि मेट्रो के साथ मल्टी–मोडल कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाए और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि यात्रियों को घर से गंतव्य तक निर्बाध यात्रा मिल सके। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार और एक निजी एआई कंपनी के बीच कल पच्चीस हजार करोड़ रूपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके अंतर्गत प्रदेश में अत्याधुनिक डेटा सेंटर आधारित एआई पार्क स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार के सोशल मीडिया एकांउट पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि इस पहल के तहत सुशासन और नागरिक सेवाओं के लिए एआई कॉमन्स तथा युवाओं के कौशल विकास के लिए एआई विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जो उत्तर प्रदेश को भारत का अग्रणी एआई प्रदेश बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है।

**********

अयोध्या में सत्ताइस मार्च को रामनवमी के अवसर पर एक बार फिर श्रीरामलला का दिव्य सूर्य तिलक होगा। यह अनोखा और अद्भुत दृश्य दोपहर 12 बजे देखने को मिलेगा, जब सूर्य की किरणें सीधे भगवान रामलला के मस्तक पर तिलक करेंगी। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यह सूर्य तिलक लगभग 4 मिनट तक रहेगा और इसे अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीक की मदद से संभव बनाया गया है।

**********

प्रयागराज में फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में स्थित एक कोल्ड स्टोरेज की छत ढहने से चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पन्द्रह अन्य घायल हो गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि हादसे के वक्त वहां एक सौ बीस लोग मौजूद थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने और घायलों को समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से घायलों को भी पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा हुयी है।

**********